# केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान
(विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्त सोसाइटी)

# Central Power Research Institute
(An autonomous society under Ministry of Power, Govt. of India)

## विज्ञापन सं.सीपीआरआई/01/2023
## भर्ती

केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है जो विद्युत आपूर्ति प्रणालियों के जनन, पारेषण, वितरण एवं प्रचालन के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास में कार्यरत है। सीपीआरआई, गुणता आश्वासन में तथा उत्पाद के विकास में वैद्युत उद्योग की सहायता करने हेतु विद्युत शक्ति इंजीनियरी में अनुप्रयुक्त अनुसंधान आरंभ करने तथा समन्वित करने के लिए एक शीर्ष निकाय के तौर पर कार्यरत है। सीपीआरआई विद्युत उपकरण के परीक्षण एवं प्रमाणीकरण हेतु एक स्वतंत्र प्राधिकरण के तौर पर भी सेवारत है। सीपीआरआई का प्रधान कार्यालय बेंगलूर में स्थित है तथा इसके एकक भोपाल, हैदराबाद, नागपुर, नोएडा, कोलकाता, गुवाहाटी में हैं तथा नासिक में स्थित हैं।

सीपीआरआई निम्नलिखित पदों ( प्रत्याशित पदों सहित) की रिक्तियों को भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पद की रिक्तियों का श्रेणीवार ब्रेक-अप निम्नानुसार है:

<table>
<tr><th rowspan="2">क्रम. सं</th><th rowspan="2">पद का नाम</th><th colspan="6">वर्ग एवं रिक्तियों की संख्या</th></tr>
<tr><th>अना</th><th>अनु.जा</th><th>अ ज जा</th><th>अ.पि.व (एनसीएल)</th><th>ई डब्ल्यू एस</th><th>कुल</th></tr>
<tr><td>1</td><td>इंजीनियरी अधिकारी ग्रेड 1</td><td>14</td><td>5</td><td>2</td><td>15</td><td>4</td><td>40</td></tr>
<tr><td>2(ए)</td><td>वैज्ञानिक सहायक</td><td rowspan="2">13</td><td rowspan="2">-</td><td rowspan="2">-</td><td rowspan="2">2</td><td rowspan="2">2</td><td>4</td></tr>
<tr><td>2(बी)</td><td>इंजीनियरी सहायक</td><td>13</td></tr>
<tr><td>3</td><td>तकनीशियन ग्रेड 1</td><td>8</td><td>-</td><td>-</td><td>14</td><td>2</td><td>24</td></tr>
<tr><td>4</td><td>सहायक ग्रेड II<br>(पीडब्ल्यूडी- ओ एच/एचएच के लिए 2 पद आरक्षित सहित)</td><td>8</td><td>3</td><td>-</td><td>5</td><td>2</td><td>18</td></tr>
</table>

**अना** - अनारक्षित, **अ पि व (एनसीएल)** - अन्य पिछडे वर्ग (गैर नवोन्नत वर्ग), **अनु ज जा** - अनुसूचित जनजाति, **अनु जा** - अनुसूचित जाति, **ई डब्ल्यू एस**- आर्थिक रूप से अशक्त वर्ग, **पी डब्ल्यू डी - ओ एच/एचएच** - बेंचमार्क दिव्यांगजन - अस्थि दिव्यांगता/श्रवण बाधित दिव्यांगता (श्रवण बाधित )।

**टिप्पणी** : रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और सीपीआरआई आवश्यकता के आधार पर पदों की संख्या में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है।

सीपीआरआई को बिना कोई कारण बताए पदों को भरने या पूरे या हिस्से में विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार है। सीपीआरआई को नियुक्त उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी स्थित अपने किसी भी कार्यालय में तैनात करने का भी अधिकार है।

**शैक्षिक योग्यता, अनुभव, शाखा और आयु:**

| क्रम . सं | **पद का नाम** | **आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव** | **आयु सीमा (वर्ष)** |
|---|---|---|---|
| **1** | **इंजीनियरी अधिकारी ग्रेड 1** | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरी / इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरी / इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरी / मैकेनिकल इंजीनियरी / सिविल इंजीनियरी में किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी में प्रथम श्रेणी में स्नातक की डिग्री<br>**गेट स्कोर:**<br>वर्ष 2021 या 2022 या 2023 का मान्य गेट स्कोर। | **30** |

| **विषय/शाखाएं** | **पद की संख्या (अनंतिम)** | इंजीनियरी अधिकारी ग्रेड.1 पद के लिए आवेदन भरने के लिए वर्ष 2021/2022/2023 के तदनुसार गेट पेपर। |
|---|---|---|
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरी / इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरी (इलेक्ट्रिकल के लिए) | 22 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरी (ईई) |
| इलेक्ट्रॉनिक और कम्यूनिकेशन इंजी | 5 | इलेक्ट्रॉनिक और कम्यूनिकेशन इंजीनियरी (ईसी) |
| मैकेनिकल इंजी | 9 | मैकेनिकल इंजीनियरी (एमई) |
| सिविल इंजी | 4 | सिविल इंजीनियरी (सीई) |
| **कुल** | **40** | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **2 (ए)** | **वैज्ञानिक सहायक**<br>पदों की सं<br>**4** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) में प्रथम श्रेणी में बीएससी के साथ संगत विषय क्षेत्र में 5 साल का अनुभव । | **35** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2(बी) | **इंजीनियरी सहायक**<br>पदों की सं.<br>इलेक्ट्रिकल **- 6**<br>सिविल **- 4**<br>मैकेनिकल **- 3** | इंजीनियरी / प्रौद्योगिकी में प्रथम श्रेणी में 3 वर्षीय डिप्लोमा के साथ इलेक्ट्रिकल, सिविल, मैकेनिकल जैसे प्रासंगिक क्षेत्र में 5 साल का अनुभव । | **35** |
| 3 | **तकनीशियन ग्रेड 1** | इलेक्ट्रिकल में आईटीआई ट्रेड प्रमाणपत्र | **28** |
| 4 | **सहायक ग्रेड II** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में बीए / बीएससी। / बी.कॉम/ बीबीए / बीबीएम / बीसीए की डिग्री तथा आवेदन की अंतिम तिथि पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (एनआईईएलआईटी) द्वारा संचालित बेसिक कंप्यूटर कोर्स (बीसीसी) में न्यूनतम ग्रेड-बी। | **30** |

ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण के लिए निर्धारित अंतिम तारीख अर्थात् 14.04.2023 (दिनांक सहित)। को यथा स्थिति उम्र ही ऊपरी आयु सीमा है। पदों के लिए उल्लिखित आयु सीमा में भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार छूट दी गई है।

**वेतन संरचना तथा चयन :**

| **क्रम सं** | पदनाम | **वेतन मैट्रिक्स में स्तर और सेल** | **चयन प्रक्रिया** |
|---|---|---|---|
| 1 | **इंजीनियरी अधिकारी ग्रेड 1** | स्तर - 7<br>रु. 44,900 - 1,42,400 | चयन वर्ष 2021/2022/2023 के मान्य गेट स्कोर पर आधारित है। |
| 2(ए) | **वैज्ञानिक सहायक** | स्तर - 6<br>रु. 35,400 - 1,12,400 | चयन कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) और नौकरी-विशिष्ट व्यावहारिक कौशल परीक्षा पर आधारित होगा। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **2(बी)** | **इंजीनियरी सहायक** | स्तर - 6<br><br>रु. 35,400 - 1,12,400 | चयन कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) और नौकरी-विशिष्ट व्यावहारिक कौशल परीक्षा पर आधारित होगा। |
| **3** | **तकनीशियन ग्रेड 1** | स्तर - 2<br><br>रु. 19,900- 63,200 | चयन कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) पर आधारित होगा। उम्मीदवारों को एक ट्रेड टेस्ट भी उत्तीर्ण करना होगा। |
| **4** | **सहायक ग्रेड II** | स्तर - 4<br><br>रु. 25,500 - 81,100 | चयन कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) पर आधारित होगा। |

सभी पदों के लिए परिवीक्षा प्रारंभ में 2 वर्ष की अवधि के लिए होगी। सभी पदों के लिए भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार सेवा लाभ और भत्ते प्राप्त होंगे।

**विज्ञापन सं.सीपीआरआई/01/2023**

**सामान्य नियम एवं शर्तें /महत्वपूर्ण निर्देश**

1. केवल वे भारतीय नागरिक, जो 18 वर्ष तथा उससे ऊपर की आयु प्राप्त कर चुके है, आवेदन भरने के पात्र हैं।
2. आवेदन भरने से पूर्व, उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वे इस विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं।
3. विज्ञापन में अधिसूचित रिक्तियों की संख्या चयन के समय वास्तविक आवश्यकता के आधार पर बदला जा सकता है तथा इसके अनुसार अधिसूचित आरक्षण भी बदल सकता है।
4. मोबाइल संख्या, ई मेल पता अथवा तकनीकी दोष या सीपीआरआई के नियंत्रण के परे कुछ कारणों से उम्मीदवारों को यदि सूचना/जानकारी न पहुँच पाए तो यह सीपीआरआई की जिम्मेदारी नहीं होगी। **उम्मीदवारों को अद्यतन सूचनाओं के लिए सीपीआरआई वेबसाइट https://cpri.res.inपर कड़ी नज़र रखने की सलाह दी जाती है।**
5. पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन की विधि, विच्छेदक अंकों को निश्चित करने, कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा/कौशल परीक्षा/व्यावसायिक परीक्षा आयोजित से संबंधित सभी मामलों में सीपीआरआई का निर्णय अंतिम होगा तथा उम्मीदवार इनको पालन करने के लिए बाध्यकारी होंगे तथा उम्मीदवारों की ओर से किसी भी व्यक्ति या अभिकरण से इस संबंध में कोई जाँच अथवा पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे कोई भी ऐसे ब्यौरे न प्रस्तुत करें जो असत्य हो, जिसमें हेर फेर की गई हो, गढ़ी हुई हो और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ। यदि दुराचार/प्रतिरूपण/प्रचार/अनुचित साधनों के प्रयोग से वह दोषी पाया जाए तो उन्हें दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा/ कौशल परीक्षा आदि से निरर्ह किया जाएगा। यदि उम्मीदवार को आगे की प्रक्रिया के लिए विचार किया जाता है, जिनका विवरण/सूचना चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में असत्य पाया गया तो सीपीआरआई के उत्तरदायित्व के बिना उसकी उम्मीदवारी तुरंत बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जाएगी।
7. किसी भी तरह का प्रचार उम्मीदवार की उम्मीदवारी को निरर्हता के लिए जिम्मेदार बना देगा।

8. सभी पदों की परीवीक्षा प्रारंभ में दो वर्ष की अवधि के लिए होगी। सभी पदों के लिए एनपीएस योगदान/छुट्टी/एलटीसी/चिकित्सा लाभ और भत्ते के सेवा लाभ भारत सरकार के मानदण्डों के अनुसार रहेंगे।

9. संस्थान में नियुक्ति होने पर अखिल भारतीय स्थानांतरण की देयता रहेगी । सम्प्रति सीपीआरआई के एकक बेंगलूर, भोपाल, नोएडा, हैदराबाद, नागपुर, कोलकाता, गुवहाती तथा नासिक में हैं ; रायपुर में एक नया एकक भी आ रहा है ।

10. अंतिम क्षण की जल्दबाजी से बचने के लिए उम्मीदवारों को शीघ्र आवेदन भरने की सलाह दी जाती है। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने में नेटवर्क समस्या अथवा किसी अन्य समस्या के लिए सीपीआरआई जिम्मेदार नहीं होगा। निर्धारित अनुलग्नकों के साथ ऑन लाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय पाए किसी भी प्रकार के विलम्ब के लिए भी सीपीआरआई जिम्मेदार नहीं होगा।

## ऑन लाइन आवेदन का पंजीकरण एवं प्रस्तुति

1. पात्र उम्मीदवार केवल सीपीआरआई की ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते हैं ।

2. वेबसाइट पर अपने आवेदनों को पंजीकृत करने एवं प्रस्तुत करने से पूर्व उम्मीदवार के पास निम्नलिखित होने चाहिए: -

   ए. मान्य स्वतः ई-मेल आई डी एवं मोबाइल सं.

   बी. श्वेत पृष्ठभूमि में उम्मीदवार का अद्यतन पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो की स्कैन प्रति।

   सी. उम्मीदवार का स्कैन किया हुआ हस्ताक्षर।

   डी. एसएसएलसी / एसएससी / मैट्रिक प्रमाणपत्र / डिग्री प्रमाणपत्र / डिप्लोमा/आईटीआई ट्रेड प्रमाणपत्र और मार्क कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाणपत्र, एनओसी, डिस्चार्ज प्रमाणपत्र, पूर्व सैनिक आईडी कार्ड के स्कैन किए गए प्रतियां यथा लागू पीडीएफ प्रारूप में ।

3. **फोटोग्राफ** : ऑन-लाइन आवेदन में निर्धारित जगह पर हाल ही की एक रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो (तीन माह से अधिक पुरानी न हो) स्कैन कर अपलोड किया जाए।

4. हस्ताक्षर: ऑन लाइन आवेदन में निर्धारित जगह पर श्वेत पृष्ठभूमि पर (काली स्याही में) किए गए हस्ताक्षर को स्कैन कर अपलोड किया जाए। उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि अपलोड किया गया हस्ताक्षर सभी स्थानों पर समान रहें। यदि हस्ताक्षरों में कोई भिन्नता पाई गई तो उम्मीदवारी निरस्त हो सकती है। उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि वे उपयुक्त स्थान पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाला/पहचाने जाने वाला हस्ताक्षर अपलोड करें।

5. आवेदकों द्वारा ऑन लाइन आवेदन फार्म में दी गई सूचना के आधार पर आवेदनों की जाँच किए जाने के कारण यह आवश्यक है कि केवल सही, पूर्ण और सही जानकारी आवेदकों द्वारा प्रस्तुत की जाए। झूठी/गलत जानकारी प्रस्तुत करना निरर्हता मानी जाएगी तथा ऐसी झूठी/गलत सूचना पेश करने पर किसी भी परिणाम के लिए सीपीआरआई जिम्मेदार **नहीं** होगा।

6. आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता, प्रमाणपत्र/प्रशंसापत्र, वर्ग (ओबीसी-एनसीएल/ईडब्ल्यूएस),आदि के निर्धारण की तारीख ऑन लाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अर्थात् **14.04.2023** होगी।

7. आरक्षित पदों के लिए निर्दिष्ट आरक्षण/छूट केवल भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार लागू होगी ।

8. अनु जा/अनु जन जा/ ओबीसी/ ईडब्ल्यूएस के उम्मीदार आवेदन फार्म में अपने-अपने वर्ग को ध्यान से भरें। फार्म में एक बार वर्ग का उल्लेख किए जाने के बाद इसे किसी भी परिस्थिति में बदला **नहीं** जाएगा।इस संबंध में कोई भी गलत सूचना प्रस्तुत करने पर उम्मीदवार को अयोग्य ठहराया जाएगा। उम्मीदवार को दस्तावेज सत्यापन के समय अपने दावे के समर्थन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे।

9. ओबीसी श्रेणी के लाभ का दावा करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे भारत सरकार के तहत पदों पर नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार की अधिसूचना के अनुसार ओबीसी श्रेणी के हैं **(न कि राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार)** तथा क्रीमी लेयर से संबंधित **नहीं है**। उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी से **नवीनतम** मान्य ओबीसी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि उम्मीदवार सक्षम प्राधिकारी से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो उसकी उम्मीदवारी को अनारक्षित श्रेणी के रूप में माना जाएगा। **ईडब्ल्यूएस** (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) से संबंधित उम्मीदवारों को कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 31/01/2019 का कार्यालय ज्ञापन सं 36039/1/2019-स्था(आरक्षण) के अनुसार निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम मान्य ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र पेश करनी की आवश्यकता है।

10. केंद्र/राज्य सरकार/अर्ध सरकारी कार्यालय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/राज्य सरकार स्वायक्त निकायों जैसे सरकारी सेवा में पहले सी ही कार्यरत उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन जमा करने के समय संबंधित नियोक्ता से **अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी)** की प्रतिलिपि अपलोड करनी चाहिए ।

11. एक ही पद के लिए एक से अधिक आवेदनों को सरसरी तौर पर खारिज़ कर दिया जाएगा।

12. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन भरने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए निर्धारित आवेदन शुल्क और सभी अंकों के कार्ड, प्रमाण पत्र और प्रशंसापत्र की प्रतियों के साथ वर्ग और पद को इंगित करते हुए प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करना होगा ।

13. दोहरी अर्हता/विशिष्टताओं के मामले में उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन/व्यावसायिक परीक्षा/ कौशल परीक्षा के समय, यथा लागू और भर्ती के समय भी आवश्यक सबूत पेश करें कि उनकी प्रमुख विशिष्टता पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदंड के अनुरूप है।

14. आनलाइन आवेदनों को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पूर्व उम्मीदवार आवेदन की पूर्व जांच करें व सुनिश्चित करें कि उन्होंने सही सूचना दी हैं तथा पद के लिए निर्धारित योग्यता के समर्थन में यथास्थिति फोटोग्राफ, अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) (सरकारी संगठन के मामले में), हस्ताक्षर, एसएसएलसी / एसएससी/ मेट्रिक मार्क्स कार्ड, डिग्री प्रमाणपत्र/ आईटीआई/डिप्लोमा प्रमाण पत्र/अनुभव प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र/अनंतिम प्रमाण पत्र तथा निर्दिष्ट पदों के लिए यथा और विशिष्ट पदों के लिए निर्धारित अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड किया है। यह भी सुनिश्चित करें कि स्केन किए तथा अपलोड किए गए दस्तावेज स्पष्ट है तथा धुँधला/ अस्पष्ट नहीं है।

15. निर्धारित सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रतियाँ अपलोड करने में असफल होने पर आवेदन अमान्य माना जाएगा तथा अस्वीकृत किया जाएगा।

16. किसी भी कॉलम में गलत सूचना देने पर आवेदन को, बिना किसी कारण के सरसरी तौर पर खारिज़ कर दिया जा सकता है।

17. शुल्क का भुगतानः जैसे ही उम्मीदवार एक बार ऑनलाइन में अपना आवेदन प्रस्तुत करता है, आवेदन शुल्क का भुगतान करने के लिए सिस्टम में एक लिंक दिखाई देगा। उम्मीदवारों को उस लिंक पर क्लिक करना होगा तथा आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। भुगतान डेबिट/ क्रेडिट कार्ड/ नेट बैंकिंग द्वारा पेमेंट गेट वे के माध्यम से किया जा सकता है। निर्धारित शुल्क के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा सरसरी तौर पर खारिज़ कर दिया जाएगा। ऐसे अग्रहणों के अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

18.आवेदन शुल्क (जीएसटी सहित):

| | | |
|---|---|---|
| ए | इंजीनियरी अधिकारी ग्रेड.1, वैज्ञानिक सहायक, इंजीनियरी सहायक | रु.1000/- प्रत्येक पद के लिए |
| बी | तकनीशियन ग्रेड.1, सहायक ग्रेड . II | रु.500/- प्रत्येक पद के लिए |

ए) अनु जाति/अनु जन जाति/ भूत पूर्व सैनिकों/महिला उम्मीदवारों एवं सीपीआरआई के विभागीय उम्मीदवारों को शुल्क के भुगतान की छूट दी गई है।

बी) एक बार आवेदन जमा करने के बाद ऑनलाइन सिस्टम एकमात्र पंजीकरण संख्या का एक पंजीकरण प्रपत्र निकलेगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भविष्य के संदर्भ के लिए इसे अपने पास रखें।

19. आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार के आनलाइन भुगतान के लिए वहन किया गया बैंक लेन देन शुल्क,यदि कोई हो तो, उम्मीदवार को यह खर्च स्वयं उठाना होगा।

20. **अस्वीकरण** - अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण किसी भी स्तर पर भर्ती रद्द होने की स्थिति में, सीपीआरआई केवल आवेदन शुल्क वापस करेगा, लेकिन किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवारों द्वारा किया गया कोई अन्य खर्च नहीं।

21. किसी भी परिस्थिति में एक बार पंजीकृत ऑनलाइन आवेदनों को वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा एक बार प्रदत्त आवेदन शुल्क की न तो धन वापसी की जाएगी और न ही किसी अन्य परीक्षा के लिए रिज़र्व में रखा जाएगा।

22. कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा /कौशल परीक्षा/ट्रेड टेस्ट की अनुसूची सीपीआरआई की वेबसाइट **https://cpri.res.in/** पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**23. महत्वपूर्ण तारीखें**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (ए) | आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: | -प्रारंभ<br>-समापन | - 25.03.2023(10.00 बजे)<br>-14.04.2023(05.00बजे) |
| (बी) | विच्छेदक तिथि (शैक्षणिक योग्यता, ऊपरी आयु सीमा आदि) | | -14.04.2023 (05.00 बजे) |
| (सी) | कंप्यूटर आधारित परीक्षा (अनंतिम) | | -23.04.2023 |
| (डी) | कौशल परीक्षा/ट्रेड परीक्षा (अनंतिम) | | -15.05.2023 |

24. कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा /ट्रेड टेस्ट/कौशल परीक्षा के लिए स्थान का पता, तारीख और समय की सूचना प्रवेश पत्र/ कॉल लेटर में दिया जाएगा।

25. **उम्मीदवार को अपने खर्च पर कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा /ट्रेड टेस्ट/कौशल परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन आदि में भाग लेना पडेगा।**

26. कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा में भाग लेने के दौरान उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र के साथ मूल फोटो पहचान प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। मूल फोटो पहचान पत्र और प्रवेश पत्र के बिना उम्मीदवारों को कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू टेस्ट में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि फोटो पहचान प्रमाण पर दिखाई देने वाला नाम पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान प्रदान किए गए नाम से बिल्कुल मेल खाना चाहिए।

27.**<u>परीक्षा केंद्र/शहर</u>**: दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बैंगलोर, नागपुर, धनबाद, पटना, हैदराबाद, भोपाल, चेन्नई। उम्मीदवारों की पसंद के अनुसार परीक्षा केंद्र आवंटित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा; हालांकि, सीपीआरआई को उनके द्वारा चुने गए केंद्र के अलावा किसी अन्य परीक्षा केंद्र/शहर को आवंटित करने का अधिकार है। परीक्षा के लिए केंद्र बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

28.उम्मीदवारों को निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे :

सीपीआरआई द्वारा यथा अपेक्षित दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया के समय अथवा किसी भी उत्तरवर्ती चरण पर सत्यापन के लिए मूल प्रमाण-पत्र ।

**ए.** जन्म तिथि जैसे मैट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र /माध्यमिक स्कूल छोडने का प्रमाणपत्र /एसएससी/X कक्षा अंक पत्र ।

बी. उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षों / सेमिस्टरों की अंक तालिकाओं के साथ शैक्षणिक अर्हता प्रमाण पत्र।

सी. संबंधित संगठन द्वारा विधिवत् प्रमाणित अर्हता के बाद के अनुभव के तौर पर संगठन के पत्रशीर्ष में अनुभव/सेवा प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो तो ) जिसमें संभाले गए पद, सेवा अवधि, सकल वेतन, अनुभव का क्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख हो ।

डी. सक्षम प्राधिकारी से निर्धारित भारत सरकार के फार्मेट में जाति/वर्ग प्रमाण-पत्र (अनु जा/अनु जन जा/अ पि व / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मामले में यथा लागू) ।

ई. निर्देशित दिव्यांग उम्मीदवार के मामले में सक्षम प्राधिकारी/चिकित्सा बोर्ड द्वारा निर्धारित भारत सरकार के प्रारूप में दिव्यांगता प्रमाणपत्र ।

एफ. भूतपूर्व सैनिकों के मामले में सेवा मुक्ति (डिस्चार्ज) प्रमाणपत्र और भूतपूर्व सैनिक आईडी कार्ड।

जी. केन्द्रीय / राज्य सरकार / क्वासी सरकारी कार्यालयों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों / स्वायत्त निकायों आदि में कार्यरत उम्मीदवारों के मामले में नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र।

**यह चयन सत्यापन के लिए प्रस्तुत मूल दस्तावेजों की जाँच पर निर्भर है।**

**यदि अंग्रेजी संस्करण और हिंदी संस्करण के बीच कोई अंतर पाया जाता है, तो अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।**

**<u>टेलीफोन/मोबाइल/एसएमएस आदि पर कोई भी अंतरिम मौखिक पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा और सभी प्रश्न, यदि कोई हो तो, इस उद्देश्य के लिए दी गई ई-मेल " recruitment@cpri.in." को संबोधित करे। किसी भी अन्य प्रकार के पत्र-व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा।</u>**